डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक :सम्ब/२१३७/2026 दिनांक :२१/11/2026

कार्यालय–ज्ञाप

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
सूची में अंकित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषयः शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातक प्रथम वर्ष में सीट वृद्धि के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातक प्रथम वर्ष में सीट वृद्धि हेतु गठित समिति की आख्या के क्रम में मा० कुलपति जी के आदेश दिनांक 21.11.2026 के अनुपालन में आपसे अपेक्षा है कि निम्नलिखित बिन्दुओं पर वांछित सूचना एवं अभिलेख आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें:–

1. निर्धारित सीटों के सापेक्ष भरे गये परीक्षा फार्म एवं जमा किये गये परीक्षा शुल्क का विवरण, समर्थ पोर्टल के अनुसार।
2. सीट वृद्धि हेतु आवेदन के साथ संलग्न प्रत्येक विद्यार्थी के वेब रजिस्ट्रेशन फार्म की प्रति, विद्यार्थियों की सूची सहित।
3. इस आशय का शपथ–पत्र कि महाविद्यालय द्वारा भविष्य में निर्धारित सीटों के सापेक्ष अतिरिक्त प्रवेश नहीं किये जायेंगे तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही, महाविद्यालय में अतिरिक्त विद्यार्थियों हेतु आवश्यक अवस्थापना सुविधाएँ उपलब्ध हैं तथा सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्राचार्य/शिक्षकों एवं प्रबन्ध समिति का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त है।

उक्त सूचना एवं अभिलेख आज दिनांक 21.11.2026 को ही विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे समिति की आख्या के अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिकृत एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि संलग्न सूची में उल्लिखित महाविद्यालयों के लॉगिन में उक्त सूचना अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisviett